>

Title: Need to allot exam centers of AIEEE for the students of Maharashtra within the State itself and to make a similar provision for the Students of other states.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र): अध्यक्ष महोदय, ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन अर्थात् एआईईईई में शामिल होने वाले महाराष्ट्र में कई छात्र-छात्राओं के परीक्षा केन्द्र राज्य के बाहर रखे गये। महाराष्ट्र के बच्चे कहां जाएंगे? वे भोपाल में जाएंगे, अंडमान-निकोबार में जाएंगे। इससे उनको परीक्षा में जाने के लिए रिजर्वेशन की जो सहूलियत होती है, वह देंगे और वह 27 तारीख को है। मैंने सम्माननीय एचआरडी मिनिस्टर साहब को पत्र भी लिखा था क्योंकि महाराष्ट्र में तीन सेंटर्स- मुम्बई, पुणे और नागपुर हैं यानी राज्य से बाहर अर्थात् अंडमान निकोबार तक बच्चे जाएंगे। इसलिए मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि यह जो परीक्षा है, यह परीक्षा महाराष्ट्र की महाराष्ट्र में हो जाए, आंध्र प्रदेश की आंध्र प्रदेश में हो जाए, राज्य स्तर पर हो जाए। बारहवीं के बाद इतनी दूर बच्चे कैसे जाएंगे? इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहूंगा कि इस विषय पर डायरेक्टरेट ऑफ टैक्नीकल एजुकेशन को निर्देश दें कि महाराष्ट्र के छात्र-छात्राओं का परीक्षा केन्द्र राज्य के भीतर ही मुम्बई, पुणे और नागपुर या हमारे मराठवाड़ा में संभाजीनगर-औरंगाबाद में किया जाए। इसका भी नियम हो। इसी पद्धति से देश के अन्य राज्यों में भी एआईईईईकी परीक्षाएं ली जाएं, ऐसा मेरा सरकार से अनुरोध है।

MR. SPEAKER: I have already allowed 15 Members.